तापमान
अधिकतम 35.6 डिग्री से.
न्यूनतम 23.0 डिग्री से.

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार 25 जुलाई 2026

12 पेयजल गुणवत्ता से समझौता नहीं 88% लोग ...



12 सांस्कृतिक उत्सव में छायी छात्राएं, प्रतिभा का मनवाया ..



## खबर संक्षेप

### हाइडल चैनल पटडी से काटे 12 खैर के पेड़

**यमुनानगर।** गांव इस्माइलपुर पुल के पास हाइडल चैनल पटडी से खैर तस्करों ने 12 खैर के पेड़ काटकर चोरी कर लिए। काटे गए खैर के पेड़ों की कीमत करीब 70 हजार रुपये हैं। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात खैर तस्करों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। कलेसर रेंज के वन राजिक अधिकारी राजीव कंबोज ने छछरौली पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि गांव इस्माइलपुर पुल के पास हाइडल चैनल पटडी पर खेर के पेड़ लगे हुए हैं। 23 जुलाई को उसे सूचना मिली थी कि खैर तस्करों ने पटडी पर लगे खेर के पेड़ काटकर चोरी कर लिए हैं। जांच करने पर पटडी से 12 खैर के पेड़ कटे मिले। जिनकी कीमत करीब 70 हजार रुपये है। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी।

### घर में घुसकर लाखों रुपये के गहने चोरी

**यमुनानगर।** जिले के सरस्वती नगर के प्रियावाला मोहल्ला में चोरों ने रात के समय एक घर में घुसकर सोने व चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। चोरी हुए आभूषणों की कीमत करीब पौने चार लाख रुपये है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। प्रियावाला मोहल्ला सरस्वती नगर निवासी रजनीश ने थाना छप्पर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 19 जुलाई को परिवार के सदस्यों के साथ खाना खाकर कमरे में सो गए थे। सुबह जब उनकी आंख खुली तो घर में सामान बिखरा मिला। जांच करने पर घर से तीन तोले सोने के आभूषण तथा 300 ग्राम चांदी के आभूषण गायब मिले। जिनकी कीमत करीब पौने चार लाख रुपये है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी।

### कहासुनी पर महिला को पीट कर किया घायल

**यमुनानगर।** प्रताप नगर में कहासुनी होने पर एक महिला को पीट कर घायल कर दिया। घायल महिला का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद परिवार के तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। प्रताप नगर निवासी कनीजा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले गांव के ही नसरीन व उसके पति यूसुफ के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। उसके बाद से आरोपी उससे रंजिश रखने लगे। कनीजा ने बताया कि 17 जुलाई को वह किसी काम से जा रही थी। इस दौरान नसरीन ने उसे रास्ते में रोक लिया और उसके साथ झगड़ा करने लगी। इस दौरान आरोपी नसरीन ने अपने पति युसूफ व देवर खुर्शीद के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की। जिससे वह घायल हो गई। शोर सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए।

### युवक को रास्ते में रोक कर की मारपीट



**यमुनानगर।** शहर के गोविंदपुरा निवासी विशेष ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 19 जुलाई को शाम साढ़े सात बजे वह शनि मंदिर टीचर कॉलोनी में किसी काम से गया था। रास्ते में उसे शुभम गर्ग व मनी मिले। आरोपियों ने उसे रास्ते में रोक लिया और उसके साथ गाली-गलौज व मारपीट की। शोर सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### जंतर-मंतर पर छात्रों पर पुलिस कार्रवाई की निंदा, निष्पक्ष भर्ती परीक्षा प्रणाली की उठाई मांग

# दिल्ली में छात्रों पर कार्रवाई के विरोध में अंबाला में निकला युवा एकजुटता मार्च

- युवा नेत्री चित्रा सरवारा की अगुवाई में रेलवे रोड से पुरानी अनाज मंडी तक निकला कैंडल मार्च
- छात्र, महिलाएं, किसान, मजदूर, कर्मचारी, व्यापारी और सामाजिक संगठनों के लोग बड़ी संख्या में शामिल
- लोकतांत्रिक अधिकारों, शिक्षा, रोजगार और युवाओं के भविष्य की रक्षा के लिए जनजागरण अभियान जारी रखने का संकल्प



अंबाला। रोष मार्च में हिस्सा लेते छावनी के लोग। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

दिल्ली के जंतर-मंतर पर नीट परीक्षा में कथित पेपर लीक के विरोध में प्रदर्शन कर रहे युवाओं पर पुलिस कार्रवाई के विरोध में अंबाला छावनी में लोगों ने रोष मार्च निकाला। रोष मार्च की अगुवाई युवा नेत्री चित्रा सरवारा ने की। चित्रा सरवारा ने आरोप लगाया कि देशभर में लगभग 152 प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित पेपर लीक, भर्ती प्रक्रियाओं में अनियमितताओं और बढ़ती बेरोज़गारी को लेकर युवाओं का विरोध केंद्र सरकार को रास नहीं आया। इसी कारण निहत्थे छात्रों पर लाठीचार्ज किया गया। उन्होंने कहा कि 'युवा एकजुटता मार्च' शक्ति प्रदर्शन नहीं, बल्कि समर्थन का प्रदर्शन है। यह संदेश देता है कि हम युवाओं के साथ हैं, हम संविधान के साथ हैं और हम नैतिकता के साथ हैं। यहां उमड़ा जनसैलाब इसी समर्थन का प्रमाण है। हम बेहतर भारत के साथ हैं। अंबाला युवा के साथ' का बैनर लेकर देशभक्ति के गीतों के बीच हाथों में मोमबत्तियां लिए यह मार्च अंबाला रेलवे रोड पार्किंग से शुरू होकर सदर बाजार होते हुए पुरानी अनाज मंडी पहुंचा। यहां 'रघुपति राघव राजा राम' भजन के साथ सामूहिक प्रार्थना की गई और राष्ट्रगान के साथ मार्च का समापन हुआ।शहर के प्रमुख बाजारों से होकर गुजरे इस मार्च में छात्र-छात्राओं, महिलाओं, युवाओं, किसानों, मजदूरों, कर्मचारियों, व्यापारियों, सामाजिक संगठनों तथा विभिन्न वर्गों के बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। हाथों में तिरंगा और मोमबत्तियां लिए लोगों ने युवाओं के भविष्य, निष्पक्ष भर्ती व्यवस्था और लोकतांत्रिक अधिकारों के समर्थन में अपनी आवाज बुलंद की।इस अवसर पर चित्रा सरवारा ने कहा कि देश का युवा आज किसी राजनीतिक संघर्ष का नहीं, बल्कि अपने भविष्य, सम्मान और न्याय के लिए संघर्ष कर रहा है। उन्होंने कहा कि वर्षों से प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित पेपर लीक और भर्ती प्रक्रियाओं को लेकर उठते रहे विवादों ने लाखों युवाओं की मेहनत, विश्वास और उम्मीदों को गहरी चोट पहुंचाई है। अनेक मामलों में जांच एजेंसियों द्वारा कार्रवाई और गिरफ्तारियां भी हुई हैं, जिससे परीक्षा प्रणाली की पारदर्शिता को लेकर गंभीर प्रश्न खड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी परिस्थितियों में सरकार का दायित्व युवाओं का विश्वास बहाल करना होना चाहिए।सरवारा ने कहा कि जंतर-मंतर पर अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे छात्रों के विरुद्ध हुई पुलिस कार्रवाई से देशभर में दुख और असंतोष का माहौल बना है। लोकतंत्र में असहमति का जवाब बल प्रयोग से नहीं, बल्कि संवाद और संवैधानिक प्रक्रिया के माध्यम से दिया जाना चाहिए।

#### युवाओं की आवाज को दबाने का हो रहा प्रयास

युवाओं की आवाज को दबाने का हर प्रयास लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करता है। चित्रा सरवारा ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में किसान आंदोलन, महिला खिलाड़ियों, सरपंचों, पंचों तथा अन्य जन आंदोलनों ने भी यह संदेश दिया है कि जब जनता अपनी समस्याओं के समाधान के लिए शांतिपूर्ण ढंग से सड़कों पर उतरती है, तो उसकी बात को गंभीरता से सुनना लोकतांत्रिक शासन की जिम्मेदारी होती है। जंतर-मंतर की घटना भी उसी व्यापक चिंता का हिस्सा है, जिसमें युवा अपने भविष्य और अवसरों की सुरक्षा की मांग कर रहे हैं। किसी दल विशेष के समर्थन या विरोध की नहीं, बल्कि उन करोड़ों युवाओं के भविष्य की रक्षा की है।

#### समाज को जागरूक करने का अभियान

युवा नेत्री चित्रा सरवारा ने कहा कि यह युवा एकजुटता यात्रा केवल विरोध कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज को जागरूक करने का अभियान है। उन्होंने छात्रों, युवाओं, महिलाओं, किसानों, मजदूरों, कर्मचारियों, व्यापारियों तथा समाज के प्रत्येक जागरूक नागरिक से लोकतांत्रिक और संवैधानिक दायरे में रहकर शिक्षा, रोजगार, पारदर्शिता और जवाबदेही के पक्ष में संगठित होने का आह्वान किया। इस अवसर पर अंबाला छावनी के अनेक धार्मिक, राजनीतिक और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, निकाय सदस्यों, पंचों एवं सरपंचों ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया।

## ट्रक ने क्रेटा को मारी टक्कर पिहोवा के आढ़ती की मौत

- संधौली बस स्टैंड के पास सामने से आए ट्रक ने कार को मारी सीधी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

पिहोवा में अनाज मंडी के आढ़ती की सड़क हादसे में मौत हो गई। आढ़ती रात को दुकान बंद कर कार से घर लौट रहे थे। इसी दौरान कुरुक्षेत्र-पिहोवा रोड पर संधौली गांव के बस स्टैंड के पास तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी क्रेटा कार में सामने से सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार सड़क से नीचे खदान में जा गिरी। घायल आढ़ती को अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान पवन कुमार निवासी सारसा के रूप में हुई है। पवन के छोटे भाई प्रदीप अमेरिका में रहते हैं, जबकि दूसरा भाई सोहन लाल खेती-बाड़ी का काम करते हैं। सोहन लाल ने बताया कि बीती रात करीब सवा 9 बजे उसका बड़ा भाई पवन कुमार अपने रिश्तेदार की क्रेटा कार लेकर अपने घर के लिए रवाना हुए थे। करीब 15 मिनट बाद पवन कुमार संधौली गांव के बस स्टैंड को क्रॉस करके राइस मिल के पास पहुंचे तो सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी कार में सीधी टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार बेकाबू हो गई और सड़क किनारे खदान में जा गिरी। आसपास के गांव के लोग तुरंत मदद के लिए पहुंचे। उन्होंने पवन को कार से बाहर निकाला गया और एंबुलेंस के जरिए छठखढ अस्पताल कुरुक्षेत्र पहुंचाया गया, लेकिन यहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। टक्कर के बाद गाड़ी के एयरबैग नहीं खुले। घटना के वक्त सोहन लाल भी उसके पीछे ही था। सूचना पाकर पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

## अदालत में पेश न होने पर पांच आरोपी भगोड़े घोषित

- आरोपियों की चल-अचल संपत्ति का ब्योरा जुटाकर आगे की कानूनी कार्रवाई करने के आदेश

**पानीपत।** अपने मामलों की सुनवाई के लिए अदालत में लगातार पेश नहीं होने पर पांच आरोपियों को भगोड़ा घोषित किया गया है।थाना औद्योगिक सेक्टर-29 में दर्ज एक मामले की सुनवाई के दौरान न्यायिक मजिस्ट्रेट विकास वर्मा की अदालत ने आरोपी अर्जुन निवासी रेलवे कॉलोनी, पानीपत को भगोड़ा घोषित कर दिया।वहीं, स्टेट बनाम सोनू व अन्य मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह की अदालत ने आरोपी राजन उर्फ बॉबी को भी भगोड़ा घोषित किया। इसी प्रकार, स्टेट बनाम शंकर मामले में अदालत ने आरोपी शंकर निवासी पहलवान चौक, कुटानी रोड, पानीपत को भगोड़ा घोषित कर दिया। स्टेट ऑफ हरियाणा बनाम अजीत मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट हिमानी गिल की अदालत ने आरोपी अजीत को जानबूझकर अदालत में उपस्थित नहीं होने पर भगोड़ा घोषित कर दिया। अदालतों ने संबंधित थाना प्रभारियों को आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 209 के तहत नए मामले दर्ज करने, उनकी चल-अचल संपत्ति का ब्यौरा जुटाने तथा आगे की कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

### चोर पकड़ा चोरी की चार बाइक बरामद

- चांदनी बाग, शहर और सेक्टर-13/17 थानों में दर्ज हैं मामले

**पानीपत।** एंटी व्हीकल थेफ्ट पुलिस टीम ने बाइक चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की चार बाइक बरामद की हैं। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अंकित पुत्र शीशपाल निवासी गांव गढ़ी सिकंदरपुर, जिला पानीपत के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ के बाद बाइक चोरी की कई वारदातों का खुलासा किया है। थानेदार राकेश ने बताया कि बाइक चोरी की एक वारदात के संबंध में थाना चांदनी बाग में गांव आट्टा निवासी सतनारायण पुत्र गोवर्धन की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी अंकित को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने बाइक चोरी की तीन अन्य वारदातों को भी अंजाम देना स्वीकार किया है। थाना सेक्टर-13/17 में भी मामले दर्ज हैं।

## लोन दिलाने का झांसा देकर महिला से ढाई लाख ठगे

- खुद को बैंक से जुड़ा बताकर महिला को दिया झांसा, पैसे लेने के बाद बंद किया संपर्क
- कुरुक्षेत्र निवासी मंजीत उर्फ सोनू, राजन और पंडित पर धोखाधड़ी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

मिठाई की दुकान के लिए 40 लाख रुपये का लोन दिलाने का झांसा देकर महिला से करीब ढाई लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने जांच के बाद कुरुक्षेत्र निवासी मंजीत उर्फ सोनू, राजन और पंडित के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मॉडल टाउन, कलावड़ निवासी प्रीति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव महलावाली में उसके जेठ की जगदंबा स्वीट्स के नाम से दुकान है। करीब चार-पांच माह पहले मंजीत उर्फ सोनू दुकान पर आया और खुद को बैंकों से लोन दिलाने का काम करने वाला बताया। उसने दावा किया कि वह कई लोगों को लोन दिलवा चुका है और उनकी दुकान के लिए भी 40 लाख रुपये का लोन स्वीकृत करवा देगा। शिकायत के अनुसार आरोपी ने पहले फाइल खर्च के नाम पर 40 हजार रुपये लिए, फिर अलग-अलग बहानों से करीब ढाई लाख रुपये ऐंठ लिए। बाद में वह राजन और पंडित को बैंक कर्मचारी बताकर दुकान पर भी लाया और जल्द लोन मिलने का भरोसा दिलाया। इसके बाद आरोपियों ने फोन उठाना बंद कर दिया। पैसे वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### टाइल मिस्त्री का सड़ा गला शव मिला

- किराये के मकान में रहता था मिस्त्री, पुलिस मृतक की कर रही है शिनाख्त

**पानीपत।** पानीपत के खटीक मोहल्ला में किराये के कमरे में निवास कर रहे टाइल मिस्त्री का सड़ा-गला शव मिला है। पांच दिन से कमरे में बंद पड़े शव का पता तब चला, जब आसपास के लोगों को तेज दुर्गंध आने लगी। इधर, आस पड़ोसियों की सूचना पर पुलिस और जन सेवा दल की टीम मौके पर पहुंची और कमरे का दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाला। इधर, मकान मालिक को भी मृतक के बारे में जानकारी नहीं है। उसने पुलिस को बताया कि मृतक टाइल लगाने का मिस्त्री था और कई महिनों से कमरे में किराये पर रहता था। पुलिस जहां मिस्त्री की मौत के सही कारण जानने के लिए उसके शव का पोस्टमार्टम करवाएगी, वहीं पुलिस मृतक की शिनाख्त के प्रयास कर रही है।

## एनएच-152 पर नाकाबंदी के दौरान युवक पकड़ा, 2.70 ग्राम हेरोइन बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ अभियान के तहत थाना इस्माईलाबाद क्षेत्र में एक युवक को 2.70 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, एनएच-152 पर नाकाबंदी के दौरान बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल पर आ रहे रमजान निवासी जाट मोहल्ला, इस्माईलाबाद को रोककर तलाशी ली गई। उसकी बाइक के टूल बॉक्स से 2 ग्राम 70 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ थाना इस्माईलाबाद में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।फोटो परिचयः कुरुक्षेत्र। एनएच-152 पर नाकाबंदी के दौरान गिरफ्तार आरोपी पुलिस हिरासत में।



कुरुक्षेत्र। एनएच-152 पर नाकाबंदी के दौरान गिरफ्तार आरोपी पुलिस हिरासत

### यमुनानगर: हेरोइन के साथ युवक गिरफ्तार

**यमुनानगर।** हरियाणा स्टेट नारकोटिक कंट्रोल ब्यूरो (एचएसएनसीबी) यूनिट अंबाला की टीम ने गांव दौलतपुर रायपुर चौक के पास से एक युवक को 11.80 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। बरामद हेरोइन की बाजार कीमत करीब 35 हजार रुपये बताई जा रही है। एएसआई विजय कुमार ने बताया कि गश्त के दौरान सूचना मिली थी कि एक युवक नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में घूम रहा है। टीम ने मौके पर पहुंचकर संदिग्ध युवक की तलाशी ली तो उसके पास से हेरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान राशीद के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### किसानों को समय पर उपचार, फसल नुकसान में कमी और उत्पादन बढ़ाने में मिलेगी मदद

*इमेज प्रोसेसिंग और मशीन लर्निंग के जरिए प्रिसीजन एग्रीकल्चर को मिलेगा बढ़ावा*

## एआई से होगी गेहूं में लीफ रस्ट की समय रहते पहचान कुवि के डॉ. संदीप को 18 लाख का शोध अनुदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पर्यावरण अध्ययन संस्थान के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. संदीप गुप्ता को हरियाणा स्टेट हायर एजुकेशन काउंसिल द्वारा हरियाणा स्टेट रिसर्च फंड (एचएसआरएफ) के तहत 18 लाख रुपये का प्रतिष्ठित शोध अनुदान प्रदान किया गया है।यह अनुदान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित तकनीक से गेहूं में लीफ रस्ट रोग की समय रहते पहचान करने वाला मॉडल विकसित करने की शोध परियोजना के लिए स्वीकृत किया गया है।

यह परियोजना किसानों की फसल को रोग से होने वाले नुकसान को कम करने तथा गेहूं उत्पादन बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगी।इस उपलब्धि पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने डॉ. संदीप गुप्ता को बधाई देते हुए कहा कि यह शोध अनुदान विश्वविद्यालय की बढ़ती शोध क्षमता, नवाचार और गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस परियोजना के निष्कर्ष कृषि, पर्यावरण और समाज के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होंगे तथा किसानों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।पर्यावरण अध्ययन संस्थान के निदेशक प्रो. परमेश कुमार ने कहा कि रिमोट सेंसिंग, जियोस्पेशियल तकनीक, इमेज प्रोसेसिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में डॉ. संदीप गुप्ता का कार्य संस्थान की उत्कृष्ट शोध परंपरा को नई दिशा दे रहा है।



कुरुक्षेत्र। डॉ. संदीप गुप्ता को बधाई देते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा। फोटो : हरिभूमि

#### फसल की गुणवत्ता और उत्पादकता में होगी वृद्धि

यह परियोजना प्रिसीजन एग्रीकल्चर और पर्यावरण अनुसंधान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देगी। हरियाणा देश के प्रमुख गेहूं उत्पादक राज्यों में शामिल है। ऐसे में यह परियोजना आधुनिक एआई तकनीक के माध्यम से गेहूं में लीफ रस्ट रोग की प्रारंभिक अवस्था में पहचान कर किसानों को समय रहते आवश्यक कदम उठाने में सहायता प्रदान करेगी। इससे फसल की गुणवत्ता और उत्पादकता में वृद्धि होने के साथ-साथ कृषि क्षेत्र में प्रिसीजन एग्रीकल्चर को भी बढ़ावा मिलेगा। डॉ. संदीप गुप्ता ने जर्मनी के अल्बर्ट-लुडविग्स विश्वविद्यालय से रिमोट सेंसिंग में पीएचडी की है। रिमोट सेंसिंग, इमेज प्रोसेसिंग और मशीन लर्निंग के क्षेत्र में है। उन्होंने आईआईटी कानपुर तथा टीयू वियना के साथ भी शोध सहयोग स्थापित किया है। निर्देशन में एआई आधारित गेहूं में लीफ रस्ट रोग की पहचान, वैश्विक वाइल्डफायर से होने वाले ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का अध्ययन, कुरुक्षेत्र के शहरी विस्तार का विश्लेषण तथा हरियाणा और अरुणाचल के वनों में हो रहे परिवर्तनों पर महत्वपूर्ण शोध कार्य चल रहे हैं।

## रंजिश में युवक पर हमला करने के 4 आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जिला पुलिस की सीआईए-1 टीम ने पुरानी रंजिश के चलते युवक पर जानलेवा हमला करने के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त एक गंडासी, तीन लाठियां और दो मोटरसाइकिल बरामद की हैं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान भानु उर्फ भारत, सावन उर्फ परमजीत, शुभम तथा दीपक कुमार के रूप में हुई है। जांच अधिकारी के अनुसार 25 जून को रोहन के पिता जसविंद्र सिंह ने शिकायत दी थी कि ड्यूटी पर जाते समय मंगलपुर चौक के पास उनके बेटे पर तीन मोटरसाइकिलों पर आए युवकों ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इस संबंध में थाना सेक्टर-32/33 में मामला दर्ज किया गया था। सीआईए-1 ने सीसीटीवी फुटेज, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और अन्य साक्ष्यों के आधार पर चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उनकी निशानदेही पर हथियार और वाहन बरामद किए गए। आरोपियों को अदालत में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस मामले में अन्य आरोपियों की संलिप्तता की भी जांच कर रही है

## खबर संक्षेप

### 30 को सीएम करेंगे वन महोत्सव की शुरुआत

**करनाल।** उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि 30 जुलाई को कुटेल स्थित मेडिकल यूनिवर्सिटी में राज्य स्तरीय वन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि होंगे। उन्होंने बताया कि वन महोत्सव सप्ताह के दौरान जिले में व्यापक पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा। जिला वन अधिकारी के माध्यम से 11 नर्सरियों से सरकारी विभागों, शिक्षण संस्थानों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों को लगभग ढाई लाख पौधे निशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। उपायुक्त ने सभी विभागों, पंचायतों, शिक्षण संस्थानों, उद्योगों और सामाजिक संगठनों से अधिकाधिक पौधारोपण करने की अपील की।

### धर्मेंद्र प्रधान को नैतिक आधार पर इस्तीफा देना चाहिए : भूपेंद्र सिंह हुड्डा

**करनाल।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस विधायक दल के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा शुक्रवार को करनाल में एडवोकेट सौरभ कादियान के पिता स्वर्गीय कैप्टन इकबाल सिंह कादियान को श्रद्धांजलि देने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से नैतिक आधार पर इस्तीफे की मांग की। हुड्डा ने कहा कि सरकार ने पेपर लीक के खिलाफ कठोर कानून बनाया है, जो स्वागत योग्य है, लेकिन लगातार हो रहे पेपर लीक की जिम्मेदारी भी तय होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर सरकार को सभी राजनीतिक दलों से बातचीत करनी चाहिए, क्योंकि आंदोलन किसी एक दल का नहीं बल्कि सभी का था।

### सभी सदस्यों को साथ लेकर चलेंगे : रीना

**करनाल।** जिला परिषद की नवनिर्वाचित चेयरमैन रीना कुमारी खरकाली ने कहा कि वह सभी सदस्यों को साथ लेकर चलेंगी और विकास कार्यों के लिए बजट का समान रूप से वितरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्व चेयरमैन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव उनकी कार्यशैली के कारण पारित हुआ, इसे जातिवाद का रंग देना दुर्भाग्यपूर्ण है। रीना कुमारी ने कहा कि उनके साथ सभी वर्गों के सदस्य हैं और जिला परिषद में जातिवाद की कोई जगह नहीं है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 17 से अधिक सदस्य उनके साथ हैं तथा पार्टी जिस व्यक्ति को चेयरमैन बनाएगी, वह उसी निर्णय का सम्मान करेंगी। वहीं प्रदीप राणा ने कहा कि पहले भी विधायक के समर्थन से चेयरमैन बनाए गए थे।

### खो-खो प्रतियोगिता में चमका सौंकड़ा विद्यालय

**तरावड़ी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सौंकड़ा की छात्राओं ने खंड स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर खंड शिक्षा अधिकारी धर्मबीर सिंह तथा विद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार सहित समस्त स्टाफ ने विजेता छात्राओं का सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन किया। अधिकारियों ने कहा कि खिलाड़ियों की यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक है और उन्हें भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करेगी। इस अवसर पर पीटीआई उर्मिला देवी, सुमन देवी, डॉ. वीरू भारद्वाज, चंद्रवती, दलजीत कौर, शोभना आदि रहे।

## आउटर बाईपास निर्माण में तेजी, निगमायुक्त ने गुणवत्ता पर कसा शिकंजा

# 7.92 करोड़ की परियोजना में रोजाना अफसरों को रिपोर्ट देने के दिए निर्देश

फुटपाथ के नीचे वर्षा जल निकासी के लिए पाइपलाइन डालने का किया जा रहा कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



करनाल। आउटर बाईपास सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण करतीं नगर निगम आयुक्त सलोनी शर्मा। फोटो : हरिभूमि

नगर निगम आयुक्त सलोनी शर्मा ने शहर की महत्वाकांक्षी आउटर बाईपास सड़क परियोजना का औचक निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता और तकनीकी मानकों की गहन समीक्षा की। उन्होंने निर्माण एजेंसी और अभियंताओं को स्पष्ट निर्देश दिए कि गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा तथा परियोजना निर्धारित समय सीमा में पूरी की जाए।

निरीक्षण के दौरान कार्यकारी अभियंता प्रदीप कल्याण, सहायक अभियंता मंजीत राठी और कनिष्ठ अभियंता गौरव हुड्डा मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि पश्चिम दिशा में नूर महल चौक से सेक्टर-6 के पीछे स्थित गुरुद्वारे तक वाटर बाउंड मकेडम लेयर का कार्य पूरा हो चुका है और अगले सप्ताह मेरठ रोड टी-पॉइंट तक इसे पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद डेंस बिटुमिन मकेडम की लेयर बिछाई जाएगी। पूर्व दिशा में यह कार्य पहले ही पूरा किया जा चुका है तथा फुटपाथ के नीचे वर्षा जल निकासी के लिए पाइपलाइन डाली जा रही है।

### पर्याप्त बैरिकेटिंग और सुरक्षा प्रबंध करें

निगमायुक्त ने अभियंताओं को प्रतिदिन प्रगति रिपोर्ट देने, निर्माण सामग्री की गुणवत्ता जांच कराने और नियमित साइट निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण के दौरान पर्याप्त बैरिकेडिंग और सुरक्षा प्रबंध किए जाएं। 4.5 किमी लंबी आउटर बाईपास सड़क 7.92 करोड़ रुपये से आधुनिक सुविधाओं के साथ विकसित की जा रही है। परियोजना में सेंट्रल वर्ज, पौधारोपण, दोनों ओर फुटपाथ, साइकिल ट्रैक, जेब्रा क्रॉसिंग, कैट आई, रोड सेफ्टी मार्किंग और अन्य यातायात सुरक्षा सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी।



करनाल। निसिंग में उप तहसील, पटवारखाना, नगर पालिका और सीएचसी का निरीक्षण करते एसडीएम देवेन्द्र शर्मा। फोटो : हरिभूमि

## एसडीएम ने पटवारखाना, नगर पालिका और सीएचसी का किया औचक निरीक्षण

■ कार्यालयों में आने वाले नागरिकों के साथ शालीन एवं संवेदनशील व्यवहार किया जाए : देवेन्द्र शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

उपायुक्त डॉ. आनंद शर्मा के निर्देशानुसार एसडीएम करनाल देवेन्द्र शर्मा ने शुक्रवार को उप तहसील निसिंग, पटवारखाना निसिंग, नगर पालिका कार्यालय निसिंग तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निसिंग का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कर्मचारियों की उपस्थिति, कार्यालयों की कार्यप्रणाली, अभिलेखों तथा आमजन को दी जा रही सेवाओं का गहन निरीक्षण किया। एसडीएम ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि सभी कर्मचारी समय पर कार्यालय पहुंचें तथा विभागीय कार्यों का निर्धारित समय सीमा में निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आमजन की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर पारदर्शी एवं त्वरित समाधान किया जाए। कार्यालयों में आने वाले नागरिकों के साथ शालीन एवं संवेदनशील व्यवहार किया जाए ताकि किसी भी व्यक्ति को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने जनहितकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक समय पर पहुंचाने, कार्यालयों में अनुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कर्मचारियों की उपस्थिति, कार्यालयों की कार्यप्रणाली, अभिलेखों तथा आमजन को दी जा रही सेवाओं का गहन निरीक्षण किया



## स्वच्छता अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान में जन भागीदारी जरूरी : वीरेंद्र बंसल

**तरावड़ी।** नगरपालिका द्वारा शहर में स्वच्छता अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान निरंतर चला हुआ है। इस अभियान के दौरान केन्द्र सरकार से गठित स्वच्छता की टीम शहर में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को स्वच्छता साफ सफाई और पर्यावरण संरक्षण आदि के बारे में जागरुक कर रही है। यह टीम नगर पालिका तरावड़ी की स्वच्छता की टीम के साथ मिलकर चौराहों और बस्तियों में जाकर इन नुक्कड़ नाटकों का आयोजन कर रही हैं । इसी कड़ी में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तरावड़ी में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से नगर पालिका प्रधान वीरेंद्र बंसल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। वार्ड कमेटी के सदस्यों, स्कूल के प्रिंसिपल विवेक सिंह और स्कूल के सभी अध्यापक और बच्चों ने इस नाटक में भाग लिया। इस मौके पर कार्यक्रम के अंत में नगर पालिका प्रधान ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि वह अपने घर के आसपास के एरिया को साफ सुथरा रखने में अपना विशेष सहयोग दें।

## जंतर-मंतर पर लाठीचार्ज के विरोध में कई जनसंगठनों का प्रदर्शन

■ छात्रों पर कार्रवाई की न्यायिक जांच और केंद्रीय शिक्षा मंत्री को हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल




करनाल। फव्वारा पार्क में प्रदर्शन करते विभिन्न जनसंगठनों के कार्यकर्ता।

दिल्ली के जंतर-मंतर पर आंदोलनरत छात्रों पर हुए पुलिस लाठीचार्ज के विरोध में विभिन्न जनसंगठनों ने करनाल में प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ रोष व्यक्त किया। प्रदर्शन से पहले फव्वारा पार्क में सभा आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान सुशील गुर्जर, सीटू के बिजनेश राणा, इंटक के जगमाल, एटक के जिले सिंह पाल, रिटायर्ड कर्मचारी संघ के बलराज तथा दलित अधिकार मंच के ओमप्रकाश सिहमार ने संयुक्त रूप से की। प्रदर्शन में रेखा गुर्जर सिरसी, अशोक सरपंच, बिलु पुनिया, जगपाल राणा, संजीव, रूपा राणा, लाभ सिंह, उधम सिंह, कलीराम, रमेश, रामकुमार कश्यप, अनिल सैनी, राजकुमार और शीशपाल सहित अनेक जनसंगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## हरविंद्र कल्याण ने सुनीं लोगों की शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा



घरौंडा के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में आज हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके निपटारे के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने विकास संबंधी कुछ नई मांगें भी श्री कल्याण के सम्मुख रखी जिस पर उन्होंने उचित कार्यवाही का भरोसा दिया।

इलाके के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में लोग आज सुबह ही अपनी मांगों/समस्याओं को लेकर रेस्ट हाउस पहुंच गए थे। श्री कल्याण ने साढ़े दस से अढ़ाई बजे तक एक-एक कर हर व्यक्ति की समस्या को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को उसके समाधान के निर्देश दिए। कुछ सामूहिक मांगें भी रखी गईं। घरौंडा में पाल समाज के लोगों ने अहिल्याबाई होल्कर हॉल के लिए ग्रांट की मांग की। देवीपुर के लोगों ने आंगनवाड़ी केंद्र का नया भवन बनवाने का अनुरोध किया। इसी प्रकार गांव नगला मेघा के लोगों ने स्टेडियम के चारों ओर पौधारोपण की मांग की। कैमला के लोगों के गांव के श्मशान घाट की चारदीवारी बनाने और घरौंडा-कैमला सडक़ पर बिजली की तारों को हटवाकर केबल लगवान और अलीपुर खालसा के लोगों ने सरकारी स्कूल में नए कमरे बनवाने की मांग की। इस मौके पर मार्केट कमेटी के चेयरमैन राजकुमार पालीवाल, पूर्व चेयरपर्सन निर्मल बैरागी, एसडीएम राजेश सोनी, विद्युत निगम के एक्सईएन राजीव ढिल्लों, डीडीपीओ कंचन लता, एसडीओ पंचायती राज जय भगवान, तहसीलदार अरविंद यादव, सीडीपीओ संतोष, डीएसपी मनोज कुमार, बीडीपीओ उमेद सिंह आदि मौजूद रहे।



### पौधे रोपकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**करनाल।** वन महोत्सव के उपलक्ष्य में जिले के सात दिवसीय पौधारोपण अभियान का शुभारंभ शुक्रवार को दयाल सिंह कॉलेज से किया गया। जिला रेडक्रॉस सोसायटी, राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसीसी (आर्मी एवं एयर विंग) तथा यूथ रेडक्रॉस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. राहुल रईया ने पौधारोपण कर अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव कुलबीर मलिक और कॉलेज की प्राचार्या डॉ. आशिमा गक्खड़ भी उपस्थित रहीं। परिसर में विभिन्न प्रजातियों के फलदार और छायादार पौधे लगाए गए। डॉ. राहुल रईया ने कहा कि वन महोत्सव केवल पौधे लगाने का कार्यक्रम नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण का जनआंदोलन है। प्राचार्या डॉ. आशिमा गक्खड़ ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण के साथ-साथ उनका संरक्षण भी आवश्यक है।

## राज्य सफाई कर्मचारी आयोग की सदस्य ने देखी सफाई व्यवस्था

# सफाईकर्मियों के अधिकारों से समझौता नहीं : रेखा

अफसरों से कहा: ठेका सफाई कर्मचारियों के अधिकारों की नियमित निगरानी की जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



करनाल। अपशिष्ट प्रबंधन संयंत्र निरीक्षण के दौरान बातचीत आयोग की सदस्य रेखा।

हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग की सदस्य रेखा ने शुक्रवार को करनाल का दौरा कर शहर की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने मॉडल टाउन छोटी मार्केट, बांसों गेट, ट्रांसफर स्टेशन तथा गांव शेखपुरा स्थित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन संयंत्र का निरीक्षण कर कर्मचारियों से बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनीं। नगर निगम सभागार में आयोजित बैठक में उन्होंने शहरी और ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की शिकायतें सुनते हुए अधिकारियों को सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए।

### कर्मचारियों का वेतन समय पर जारी करने के निर्देश

रेखा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कर्मचारियों का वेतन समय पर जारी किया जाए तथा ईएसआई, ईपीएफ सहित सभी वैधानिक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने दस्ताने, मास्क, गमबूट, रिफ्लेक्टिव जैकेट, तेल, साबुन और अन्य सुरक्षा सामग्री समय पर उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि सफाई कर्मचारियों के अधिकारों और सम्मान से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि ठेका कर्मचारियों के अधिकारों की नियमित निगरानी की जाए और यदि कोई ठेकेदार नियमों का उल्लंघन करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही कर्मचारियों से भी पूरी निष्ठा और ईमानदारी से सफाई कार्य करने का आह्वान किया। बैठक में उप निगम आयुक्त विनोद नेहरा, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी कंचन लता, बीडीपीओ शिखा, स्वच्छता अधिकारी महावीर सोढ़ी, मुख्य सफाई निरीक्षक सुरेंद्र चोपड़ा, स्वास्थ्य निरीक्षक मनोज कुमार तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यूज डायरी



### श्री कृष्ण कृपा समिति के प्रधान बने प्रवीण गर्ग

**तरावड़ी।** श्री कृष्ण कृपा समिति शाखा में आज एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें पूज्य स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के पावन सान्निध्य एवं आशीर्वाद से बी डी ओवरसीज तरावड़ी के निदेशक समाजसेवी प्रवीण गर्ग को समिति का नया प्रधान घोषित किया गया। इस अवसर पर समिति के सभी सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे और उन्होंने नव-नियुक्त प्रधान को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने प्रवीण गर्ग को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया तथा आशीर्वाद प्रदान किया। अपने प्रवचन में स्वामी जी ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला का मार्गदर्शन है। जब समाज गीता के सिद्धांतों को अपनाता है, तो उसमें नैतिकता, सेवा और समर्पण की भावना स्वतः जागृत होती है।




### कहानियों के माध्यम से बच्चों को दी नैतिकता की प्रेरणा

**तरावड़ी।** एसएमएस मेमोरियल पब्लिक स्कूल में कक्षा दूसरी एवं तीसरी के विद्यार्थियों के लिए स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति कौशल, भाषा दक्षता तथा रचनात्मक सोच का विकास करना था। प्रतियोगिता में नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ प्रेरणादायक एवं नैतिक मूल्यों से भरपूर कहानियाँ प्रभावशाली अंदाज में प्रस्तुत कीं। बच्चों की स्पष्ट वाणी, भाव-भंगिमाओं और मंच संचालन क्षमता ने उपस्थित सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियो को प्रभावित किया। कक्षा दूसरी में पूर्वी ने प्रथम, परमीत ने द्वितीय तथा नक्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा तीसरी में अर्पित ने प्रथम, परिणीत ने द्वितीय तथा सिमरन ने तृतीय स्थान हासिल किया। विजेता विद्यार्थियों को विद्यालय द्वारा सम्मानित किया गया तथा सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया।




### छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में युवा इनेलो का प्रदर्शन

**करनाल।** दिल्ली में केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुए पुलिस लाठीचार्ज के विरोध में युवा इनेलो ने शुक्रवार को जिला सचिवालय में प्रदर्शन कर रोष जताया। युवा इनेलो के जिला प्रधान मनिंद्र सिंह पुनिया के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मनिंद्र सिंह पुनिया ने कहा कि दिल्ली पुलिस का छात्रों के प्रति व्यवहार निंदनीय है और छात्राओं के साथ हुई कथित अभद्र घटनाएं बेहद शर्मनाक हैं। उन्होंने कहा कि छात्रों पर लाठीचार्ज भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में काले अध्याय के रूप में याद रखा जाएगा। प्रदर्शन में जिला प्रधान सुरजीत शामगढ़, धर्मवीर पाढा, फूल सिंह मंजूरा, मेहर सिंह जुंडला, सुमेर सिंह, सुरजीत संधू, अरूण, अमरीक, लाला नरवाल, छपनु नरवाल, रिंकू, गौरव, मंदीप सहित बड़ी संख्या में इनेलो कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### जॉब सिक्योरिटी पत्र जलाकर कर्मियों ने जताया विरोध

**करनाल।** हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन के आह्वान पर मुख्य दमकल केंद्र सेक्टर-4 में कर्मचारियों ने सरकार द्वारा जारी जॉब सिक्योरिटी संबंधी पत्र की प्रतियां जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने सरकार के नाम दमकल केंद्र अधिकारी दीपक शर्मा के माध्यम से ज्ञापन सौंपते हुए पत्र वापस लेने और 13 मई 2026 के द्विपक्षीय समझौते को बिना शर्त लागू करने की मांग की। राज्य कमेटी नेता रामपाल शर्मा और जिला प्रधान संदीप त्यागी ने कहा कि सरकार ने पे-रोल फायरमैन और चालकों को नियमित सरकारी नौकरी देने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब नियमितीकरण से पीछे हटते हुए केवल जॉब सिक्योरिटी का पत्र जारी कर कर्मचारियों के साथ विश्वासघात किया है। इस दौरान नरेंद्र पूनिया, राजेश शर्मा, कैलाश त्यागी, समरजीत लोहान, बृजभूषण शर्मा, जितेंद्र और ताराचंद सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।



### पूर्व सीएम ने शोकाकुल परिवार को दी सांत्वना

**इंद्री।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने शुक्रवार को इंद्री स्थित पूर्व मंत्री भीमसेन मेहता के आवास पर पहुंचकर उनके छोटे भाई राजकुमार मेहता के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने शोक संतप्त परिवार से मिलकर अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि राजकुमार मेहता के निधन से परिवार को अपूरणीय क्षति हुई है। इस दुख की घड़ी में वह परिवार के साथ खड़े हैं। हुड्डा ने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति दें। इस मौके पर काफी संख्या मे कांग्रेस पार्टी के नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहें ।

### आरके पुरम को नए ट्यूबवेल की सौगात

**करनाल।** शहर की पेयजल व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में महापौर रेणु बाला गुप्ता ने आरके पुरम की गली नंबर-2 में नए ट्यूबवेल का लोकार्पण किया। विधिवत पूजा-अर्चना के बाद उन्होंने इसे क्षेत्रवासियों को समर्पित करते हुए जनहित की महत्वपूर्ण सौगात बताया। महापौर ने कहा कि नगर निगम प्रत्येक नागरिक तक स्वच्छ, पर्याप्त और निर्बाध पेयजल सहित सभी मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यह नया ट्यूबवेल क्षेत्र की जलापूर्ति व्यवस्था को और अधिक मजबूत करेगा तथा लोगों को राहत देगा। उन्होंने नागरिकों से विकास कार्यों में सहयोग देने का आह्वान करते हुए कहा कि शहर के समग्र विकास के लिए जनभागीदारी भी आवश्यक है। इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि नरेश पाल, सुनील गोयल, लक्ष्मी चौहान, डॉ. हरनेक, रकम सिंह सहित काफी लोग मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### बच्चों को सनातन संस्कृति का ज्ञान दें: दाती

**समालखा।** सनातन संस्कृति और रामायण के महान आदर्शों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के उद्देश्य से भारत के पहले रामायण पर आधारित राष्ट्रीय ज्ञान प्रतियोगिता शो कौन बनेगा ज्ञान रत्न का शुभारंभ हुआ। इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन समालखा के गढ़ी छाज्जु स्थित ऐतिहासिक प्राचीन सिद्ध श्री राम मंदिर में आयोजक पवन गाहल्याण द्वारा कराया गया। इस कार्यक्रम में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज, स्वामी निज स्वरूपानंद दाती, श्री पाल रेड्डू, हिमाशु सोनी, तरुण राठी, प्रकाश गाल्याण, नर सिंह सहरावत, जितेन्द्र बल्ली, हिमांशु, प्रवीण, रविंद्र, शशिकांत कौशिक आदि उपस्थित रहे।

### एथलीट में छाए बुआना लाखू के विद्यार्थी

**इसराना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव बुआना लाखू के डीपीई प्रदीप घनघस ने बताया कि तीन दिवसीय खंड स्तरीय स्कूल खेल प्रतियोगिताओं में स्कूल के विक्की ने ऊंची कूद, नीरज ने ऊंची कूद व पिंकी ने लड़कियों की ऊंची कूद में स्वर्ण पदक जीता। जबकि तमन्ना ने 200 मीटर दौड़ में स्वर्ण व 600 मीटर में रजत, अंश ने 600 मीटर दौड़ में रजत पदक जीता। टीम प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि विजेता खिलाड़ियों का जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में विद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। जबकि प्राचार्य जितेंद्र जागलाण ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

### छात्रों को संपर्क स्मार्ट डिवाइस भेंट किए

**समालखा।** राजकीय स्कूलों में प्राथमिक शिक्षा के स्तर को सुधारने और बच्चों की सीखने की क्षमता लर्निंग आउटकम को बेहतर बनाने के उद्देश्य से संपर्क फाउंडेशन ने ब्लॉक समालखा के स्कूलों में संपर्क स्मार्ट डिवाइस का वितरण किया गया। जिसके तहत कुल 36 डिवाइस बांटे गए। इनमें विज्ञान की कक्षाओं के लिए 12 डिवाइस और प्राथमिक कक्षाओं के लिए 24 डिवाइस शामिल हैं। इस अवसर पर संपर्क फाउंडेशन के पानीपत जिला समन्वयक मिस्टर सौरभ शर्मा, कॉन्सेप्ट बीईओ सरिता देवी आदि उपस्थित रहे।

### दो पक्षों के बीच मारपीट ताई व भतीजे को पीटा

**पानीपत।** पानीपत की मुखीजा कालोनी में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में तालीम व इसकी ताई सीमा मारपीट में घायल हो गए। दोनों को बीच बचाव कर अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इधर, सीमा को प्राथमिक उपचार देने के बाद चिंताजनक हालत में पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है। दूसरी ओर, थाना मॉडल टाउन पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नशे के विरुद्ध लोगों को जागरूक किया

**पानीपत।** पानीपत पुलिस ने शुक्रवार को गांव बाबरपुर में नशा विरोधी जनजागरण अभियान चलाया। अभियान के तहत पुलिस टीम ने राजकीय उच्च विद्यालय बाबरपुर में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी और इसके बाद गांव में डोर-टू-डोर जाकर लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक किया। पुलिस टीम ने इस दौरान विद्यार्थियों को बताया कि नशा जीवन, परिवार और भविष्य तीनों को बर्बाद कर देता है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने, पढ़ाई पर ध्यान देने तथा अपने साथियों को भी नशे से बचाने का आह्वान किया। नशे से लोगों का जीवन बरबाद हो जाता है।

### एटीएम में ठगी करने वाला आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए-टू पुलिस ने मतलौडा में एटीएम में पैसे निकालने आए बुजुर्ग से मदद के बहाने डेबिट कार्ड बदलकर ठगी करने वाले आरोपी सन्नी पुत्र धर्मबीर निवासी समैण पुट्ठी, रोहतक को गिरफ्तार किया है। थानेदार वीरेंद्र ने बताया कि उक्त वारदात बारे थाना मतलौडा में गांव मतलौडा निवासी केशव दत्त पुत्र रामेश्वर की शिकायत पर केस दर्ज है। वहीं, सन्नी पर सोनीपत के गोहाना थाना में इसी प्रकार की धोखाधड़ी का केस दर्ज है।

---

#### छात्र आंदोलन के समर्थन में कैंडल मार्च व रोष जुलूस निकाला

# दिल्ली में आंदोलनरत छात्रों के समर्थन में रात्रि जागरण




**पानीपत।** में मोदी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते छात्र अभिभावक संघ के सदस्य। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

दिल्ली के जंतर मंतर पर जारी छात्र आंदोलन पर हुए पुलिस दमन लाठीचार्ज की घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए जिला सचिवालय पर छात्र अभिभावक संघ ने विरोध प्रदर्शन किया। वहीं, सुनील दत्त ने जनता से अपील कि की अपने बच्चों के भविष्य बचाने के संघर्ष में भाजपा नेतृत्व वाली तानाशाह मोदी नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की देश के बच्चों के भविष्य को बर्बाद करने वाली शिक्षा नई नीति, नीट पेपर लीक के मुद्दे को लेकर रात जागो-देश जगाओ अभियान के तहत अपने शहर और गांव की बस्तियों में छात्र आंदोलन के समर्थन में कैंडल मार्च और रोष जुलूस निकालें। उन्होंने कहा कि शुक्रवार की रात को पूरे देश के अंदर देश की जनता छात्र आंदोलन के समर्थन में देश के सभी जिला मुख्यालयों पर रात्रि जागरण कार्यक्रम करेगी। इसी अभियान के तहत पानीपत के अंदर संविधान चौक पर धरना दिया जाएगा और शहर में जुलूस निकाला जाएगा।

इस कार्यक्रम में पानीपत के अभिभावक व छात्र भाग लेंगे। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व छात्र अभिभावक संघ की तरफ से सुनील दत्त, कौमी एकता मंच के जिला संयोजक संजय सिंह, जय भगवान, गुलाब सिंह कर रहे थे।

#### उपायुक्त को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा

## विद्यार्थियों के समर्थन में इनेलो ने प्रदर्शन किया

**पानीपत।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर अपने अधिकारों की मांग कर रहे विद्यार्थियों और युवाओं पर हुए कथित लाठीचार्ज व अभद्र व्यवहार के विरोध में शुक्रवार को पानीपत जिला सचिवालय में इंडियन नेशनल लोकदल व इंडियन स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशन ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व इनेलो के जिलाध्यक्ष कुलदीप राठी, राष्ट्रीय सचिव डॉ.नवीन नैन भालसी, पूर्व विधायक भरत सिंह छौक्कर, युवा जिला अध्यक्ष अमन मांडी के साथ पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। वहीं, प्रदर्शनकारियों ने उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भेजा।



वहीं, डॉ. नवीन ने जंतर मंतर की घटना की निष्पक्ष एवं न्यायिक जांच, दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई तथा विद्यार्थियों की सुरक्षा व सम्मान सुनिश्चित करने की मांग करते हुए कहा कि लोकतंत्र में शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। छात्रों और युवाओं की आवाज को संवाद के बजाय बल प्रयोग से दबाने का प्रयास लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। उन्होंने कहा कि आज देश का युवा अपने भविष्य, पारदर्शी शिक्षा व्यवस्था और निष्पक्ष अवसरों की मांग कर रहा है। यदि शिक्षा व्यवस्था पर लगातार प्रश्न उठ रहे हैं और अपने अधिकारों की मांग कर रहे छात्रों के साथ ऐसा व्यवहार किया जाता है, तो इसकी नैतिक एवं प्रशासनिक जिम्मेदारी भी तय होनी चाहिए। आंदोलन में इनेलो नेता शमशेर देशवाल, राजेंद्र जागलान, सरोज बाला गुर, रणबीर देशवाल, कृष्ण भौक्कर, जतिन मनोचा, हेमराज जागलान, हर्षित मिटान, हरपाल महावटी, सुभाष निम्बरी, कृष्ण जौंधन समेत बडी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।



**पानीपत।** हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन उषा प्रियदर्शनी सिविल अस्पताल में महिला रोगी से वार्ता करते हुए। फोटो: हरिभूमि

## स्वास्थ्य सेवाओं में अव्यवस्थाओं से नाराज हुई महिला आयोग अध्यक्ष

- उषा ने सिविल अस्पताल का औचक निरीक्षण किया
- सीएमओ को महिला रोगियों को बेहतर सुविधाएं देने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन उषा प्रियदर्शनी ने शुक्रवार को पानीपत के सिविल अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। उषा ने जहां स्वास्थ्य सेवाओं का गहन निरीक्षण किया वहीं, अस्पताल में अव्यवस्थाओं पर स्वास्थ्य अधिकारियों के समक्ष कड़ी नाराजगी जताई। स्मरणीय है कि महिला आयोग की अध्यक्ष उषा को पिछले काफी समय से शिकायतें मिल रही थीं कि सिविल अस्पताल में मरीजों की संख्या अधिक होने के बावजूद सुविधाएं पर्याप्त नहीं हैं। महिलाओं को पर्ची बनवाने, डॉक्टर को दिखाने और विभिन्न जांच कराने के लिए घंटों लंबी कतारों में इंतजार करना पड़ता है। कई बार लंबे इंतजार के बाद भी उन्हें विभिन्न कारण बताकर उन्हें बिना उपचार के वापस भेज दिया जाता है। इधर, निरीक्षण के दौरान उषा प्रियदर्शनी ने लैब में चिकित्सा सेवाओं को सुधारने के निर्देश दिए। वहीं, उन्होंने महिला रोगियों से बातचीत कर उनका हालचाल जाना और उपचार को लेकर जानकारी ली। महिलाओं ने उषा को उपचार में लापरवाही होने की शिकायतें की। इधर, आयोग अध्यक्ष उषा ने सिविल सर्जन एवं सीएमओ डॉ. विजय मलिक के समक्ष सिविल अस्पताल में चिकित्सा व्यवस्थाओं पर कडा असंतोष जताते हुए उन्हें अव्यवस्थाओं को सुधारने के निर्देश दिए। उषा प्रियदर्शनी ने कहा कि अस्पताल में आने वाली गर्भवती महिलाओं के साथ-साथ अन्य सभी महिलाओं को भी समान रूप से प्राथमिकता और सम्मानजनक स्वास्थ्य सेवाएं मिलनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मरीजों की सुविधा के लिए व्यवस्था को व्यवस्थित किया जाए ताकि किसी भी महिला को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

## समाजसेवी दुलाल को दी श्रद्धांजलि



**पानीपत।** गांधी स्मारक में समाजसेवी दुलाल चंद्र को श्रद्धांजलि देते हुए गांधीवादी। फोटो: हरिभूमि


हरिभूमि न्यूज ▶▶ समालखा

गांधी स्मारक निधि, पंजाब, हरियाणा तथा हिमाचल प्रदेश, गांव पट्टीकल्याणा के अध्यक्ष तथा केंद्रीय गांधी स्मारक निधि राजघाट नई दिल्ली के सचिव संजय सिंह के पिता स्व. दुलाल चंद्र की आत्मा की शांति के लिए पट्टीकल्याणा में सर्व धर्म एवं मौन प्रार्थना तथा श्रद्धांजलि सभा हुई। वहीं, सचिव आनंद कुमार शरण ने श्रद्धांजलि अर्पित करते स्व. दुलाल चंद्र के त्यागी, संघर्षशील और प्रेरणादयक जीवन की विस्तार से जानकारी दी। श्रद्धांजलि सभा में संस्था की न्यासी हेमलता रावत, डॉ.जैन, अजय कुमार, सुनीता शर्मा, गिरिराज, बसंत, गोविंद, योगेंद्र यादव, प्रसन्न कुमार, राहुल, सोनू, बिमलेश, रुपाली जैन, सोनिया, सहिदा एवं आश्रम के कार्यकर्ताओं आदि ने दुलाल चंद्र को भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

## राष्ट्रमंडल खेलों में पानीपत के चार खिलाड़ी दिखाएंगे दम

- जैवलिन थ्रो में नीरज व यशवीर जूडो में यश और पैरा पवार लिफ्टिंग में सुमन लेगी भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



नीरज चोपड़ा | सुमन देवी | यशवीर सिंह | यश घनघस

स्कॉटलैंड के ग्लासगो शहर में शुरू हो चुके राष्ट्रमंडल खेलों में विश्व विख्यात ऐतिहासिक व टेक्सटाइल जिला पानीपत के चार खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर देश के लिए मेडल जीतने का भरपूर प्रयास करेंगे। जैवलिन थ्रो में ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीत चुके नीरज चोपड़ा और युवा एथलीट यशवीर सिंह, जूडो में यश घनघस और पैरा पावरलिफ्टिंग में सुमन देवी भाग लेगी। स्मरणीय है कि नीरज चोपडा जैवलिन थ्रो में कॉमनवेल्थ गेम्स में दूसरी बार भाग लेंगे। सन-2018 में गोल्ड मेडल जीतने के बाद नीरज अपने शरीर में लगी चोट के चलते सन- 2022 के हुए राष्ट्रमंडल खेलों में भाग नहीं ले सके थे। इस बार नीरज से गोल्ड मेडल की उम्मीद है। जबकि इंटर-स्टेट प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीत चुका यशवीर पहली बार राष्ट्रमंडल में जैवलिन थ्रो में भाग लेगा। यशवीर से भी मेडल की आस है। जबकि पैरा एशियन गेम्स में भाग ले चुकी गांव सिवाह निवासी सुमन देवी भी पहली बार राष्ट्रमंडल खेलों में पैरा पावरलिफ्टिंग में अपना दम दिखाएगी। सुमन से भी मेडल की उम्मीद की जा रही है। जबकि गांव मांडी निवासी यश घनगस सौ किग्रा वजन में जूडो में पहली बार राष्ट्रमंडल खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेगा। इधर, भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने बताया कि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, सांसद संजय भाटिया, पंचायत विकास मंत्री कृष्ण लाल पंवार, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ अर्चना गुप्ता, विधायक मनमोहन भडाना, विधायक प्रमोद विज, जिला परिषद अध्यक्ष रेखा शर्मा, मेयर कोमल सैनी ने भी राष्ट्रमंडल खेलों में भाग ले रहे नीरज चोपडा, यशवीर सिंह, सुमन देवी व यश घनगस को संदेश भेज कर जहां उनका हौंसला बढाया है वहीं परमात्मा से प्रार्थना की है कि हमारे खिलाडी स्वर्ण पदक जीत कर भारत, हरियाणा और पानीपत का नाम पूरी दुनिया में रोशन करें।

## जिनवाणी में छात्राओं को बांटे पौधे



**पानीपत।** जिनवाणी स्कूल की छात्राएं पौधे लेते हुए। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के उद्देश्य से जिनवाणी विद्या भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विद्यार्थियों को पौधे वितरित किए गए। विद्यार्थियों को पौधों के महत्व की जानकारी देते हुए उन्हें अपनी मां के नाम एक पौधा लगाकर उसकी नियमित देखभाल करने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक पौधे प्राप्त कर वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। विद्यालय परिवार ने सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी सुरक्षा करने की अपील की। वहीं, विद्यार्थियों को समझाया गया कि पर्यावरण घना होने से मानवता सुखी होगी।

### करियर पर विशेषज्ञों ने गाइड किया

**पानीपत।** हरियाणा रोजगार विभाग के व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह के तहत जिला रोजगार अधिकारी डॉ. ऋतु चहल ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव सौंधापुर में आ यो जि त करियर वार्ता में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करना और उन्हें हासिल करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी रुचि, क्षमता और कौशल के अनुरूप करियर चुनने की सलाह देते हुए अध्ययन की आदतों में सुधार, नियमित अभ्यास तथा उच्च अंक प्राप्त करने के प्रभावी तरीकों की जानकारी दी।

- जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करना आवश्यक

## इनर व्हील ने सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन व इंसिनरेटर भेंट की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



**पानीपत।** आईबी पब्लिक स्कूल में सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन भेंट करती इनर व्हील क्लब की पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि

इनर व्हील क्लब जोन-9 की जेडसीसी अनु कालड़ा द्वारा इनर व्हील पानीपत मिड टाउन के माध्यम से शुक्रवार को आईबी पब्लिक स्कूल में सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन व इंसिनरेटर स्थापित करवाई गई। जिससे करीब तीन सौ छात्राओं को स्वास्थ्य स्वच्छता का लाभ मिलेगा। इस अवसर पर जोनल क्लब कोऑर्डिनेटर डॉ.अनु कालड़ा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में क्लब अध्यक्षा ज्योत्सना गर्ग के साथ प्राचार्या अमिता चोपड़ा उपस्थित रहे। वहीं वेंडिंग मशीन के लिए सेनेटरी पैड मित्तल मेडिकल स्टोर द्वारा प्रायोजित किए गए। इधर, प्राचार्या अमिता चोपड़ा ने इसके लिए इनर व्हील क्लब एवं प्रायोजकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उप प्राचार्या मीना तनेजा, स्वास्थ्य सरंक्षिका रमा नन्दवानी समेत शिक्षक व छात्राएं उपस्थित रही।

## पानीपत का अंकित कनाडा में बना बैरिस्टर एवं सॉलिसिटर



**पानीपत।** गांव बड़ौली के अंकित मिटान ने कनाडा के प्रांत अल्बर्टा में बैरिस्टर एवं सॉलीसीटर बनकर भारत, हरियाण, गांव बडौली और अपना नाम रोशन किया है। अंकित वर्ष 2023 में कनाडा गया था और अल्बर्टा में अपनी आर्टिकलिंग सफलतापूर्वक पूर्ण की। इस दौरान उन्होंने फैमिली लॉ, चाइल्ड वेलफेयर, इमिग्रेशन लॉ तथा रियल एस्टेट लॉ जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में कार्य करते हुए व्यापक व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। वहीं, अंकित ने 17 जुलाई को जस्टिस ग्लास की अदालत में आयोजित कार्यक्रम में अंकित मिटान ने बैरिस्टर एवं सॉलीसीटर के रूप में शपथ ग्रहण की। इसके साथ ही वे लॉ सोसाइटी ऑफ अल्बर्टा और कनाडा बार एसोसिएशन की सदस्यता भी प्राप्त की। समारोह के दौरान जस्टिस ग्लास ने अंकित मिटान को इस उपलब्धि पर बधाई दी और परमात्मा से बैरिस्टर एवं सॉलीसीटर अंकित के उज्जवल भविष्य की कामना की। जबकि अंकित ने भगवद्गीता पर हाथ रख कर जनसेवा की शपथ लेकर भारतीय के महान प्राचीन धार्मिक गौरव को और बढ़ाया।

#### सूबे का हर नागरिक बने पर्यावरण प्रहरी, वायु प्रदूषण रोकने के लिए सभी विभाग जिम्मेदारी से कार्य करें

## विधानसभा पर्यावरण समिति ने पानीपत का दौरा किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

हरियाणा विधानसभा की पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति ने शुक्रवार को चेयरमैन रामकुमार कश्यप की अध्यक्षता में पानीपत में पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण से जुड़े विभिन्न स्थलों का निरीक्षण कर अधिकारियों को जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। समिति ने कहा कि वायु प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण, अधिक से अधिक पौधारोपण और लगाए गए पौधों का संरक्षण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और इसके लिए प्रत्येक विभाग को अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभानी होगी। समिति ने सबसे पहले जिला सचिवालय सभागार में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में कश्यप ने कहा कि प्रदेश सरकार पर्यावरण संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाए रखना समय की मांग है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक पौधे लगाए जाएं तथा उनके संरक्षण की भी ठोस व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। विधायक कश्यप ने कहा कि वर्तमान सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार किए हैं। नए कॉलेजों और विश्वविद्यालयों की स्थापना से शिक्षा के क्षेत्र को नई दिशा मिली है। उन्होंने कहा कि विकास के साथ चुनौतियां भी आती हैं, लेकिन सरकार उनका समाधान करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। पहले जहां तालाबों की स्थिति चिंताजनक थी, वहीं अब उनका पुनर्जीवन और सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। वहीं, समिति सदस्य घनश्याम दास, विकास सहारण ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की नहीं बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है। जबकि पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर कहा कि पानीपत इंडसट्रियल एरिया है यहां पौधरोपण की अत्यंत आवश्यकता है सभी विभागों को इसमे भागीदारी निभानी चाहिए वह ज्यादा से ज्यादा संख्या में पौधारोपण करना चाहिए। इधर, प्रेस वार्ता में चेयरमैन रामकुमार कश्यप ने कहा कि समिति का मुख्य उद्देश्य हरियाणा को हराभरा और प्रदूषण मुक्त बनाना है। वहीं, उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने समिति को आश्वस्त किया कि पानीपत जिले में पौधरोपण कर हरा भरा बनाया जा रहा है।



**पानीपत।** हरियाणा विधानसभा की पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति सीटीपी का निरीक्षण करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### इन स्थानों का किया निरीक्षण

समिति ने राष्ट्रीय नदी संरक्षण योजना के अंतर्गत संचालित 20 एमएलडी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी), सौंधापुर का निरीक्षण किया। वहीं, समिति ने इसके उपरांत शहीद उधम सिंह स्टेडियम तथा एचएसवीपी द्वारा विकसित अर्बन फॉरेस्ट, सेक्टर-19 यूआईई का भी निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि लगभग 4.67 एकड़ क्षेत्र में विकसित इस अर्बन फॉरेस्ट में 3,800 वृक्ष, 4,244 झाडियां तथा कुल 8,044 पौधे लगाए गए हैं।

**खबर संक्षेप**

## चोरी के मामले में दो आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी पुलिस ने योग फैडरेशन हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी से एसी का सामान, स्ट्रीट लाईटस, पुराना गेट व ग्रिल चोरी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए मामले में संलिप्त दो आरोपियों को काबू किया है। जांच अधिकारी मुख्य सिपाही राजीव कुमार पुलिस चौकी हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी ने बतलाया कि शिकायतकर्ता लोकेश दत्त ने 1 जून 2026 को शिकायत दी थी कि 30 मई 2026 को आरोपियों ने योग फैडरेशन हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी से एसी का सामान, स्ट्रीट लाईटस, पुराना गेट व ग्रिल चोरी किया है। साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मामले में संलिप्त आरोपी विशाल उर्फ बोक्सर व ऋषभ को गिरफ्तार कर नकद राशि बरामद की है।

## मोबाइल व नकदी चोरी मामले में आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना शहजादपुर पुलिस ने मोबाइल व नकदी चोरी करने के मामले में तत्परता से कार्रवाई करते हुए मामले में संलिप्त आरोपी को काबू किया। जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक रविंद्र कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता नरेश कुमार ने 23 जुलाई 2026 को शिकायत दी थी कि 21 जुलाई 2026 को आरोपियों ने उसकी दुकान से मोबाइल व नकद राशि चोरी की है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। पुलिस ने आरोपी मनीष कुमार को गिरफ्तार कर उससे नकदी, मोबाइल व वारदात में प्रयुक्त मोटरसाईकिल बरामद की है।

## बाइक चोरी के तीन आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** एवीटी टीम ने बाइक चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए मामले में संलिप्त तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। जांच अधिकारी पीएसआई कमलजीत ने बताया कि शिकायतकर्ता विशाल ने 20 मई 2026 को थाना महेश नगर में शिकायत दी थी कि गार्डियन अस्पताल के पास से किसी आरोपी ने उसकी बाइक चोरी की है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने थाना महेश नगर में मामला दर्ज किया था। पुलिस ने मामले में संलिप्त तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे कुल तीन चोरीशुदा बाइक बरामद की हैं। आरोपियों की पहचान सलमान, साहिल व अरशद उर्फ काला निवासी गांव महमदपुर यूपी के रूप में हुई है।

### जन स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव ने की पेयजल आपूर्ति की विस्तृत समीक्षा

# पेयजल गुणवत्ता से समझौता नहीं 88% लोग विभाग से संतुष्ट : पंकज

जल स्त्रोतों में क्लोरीनेशन व्यवस्था, बैक्टीरियोलॉजिकल परीक्षण, जल सैंपलों की नियमित जांच पर प्राप्त की विस्तृत जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के प्रधान सचिव पंकज यादव ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि दूषित पेयजल अथवा जल गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

प्रधान सचिव शुक्रवार को अंबाला स्थित किंगफिशर पर्यटन स्थल परिसर में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में उपायुक्त अजय सिंह तोमर सहित तमाम विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। इससे पहले प्रधान सचिव का यहां पहुंचने पर उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। प्रधान सचिव ने जिले में पेयजल आपूर्ति, जल गुणवत्ता तथा मानसून के दौरान बरती जा रही सावधानियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने जल स्त्रोतों में क्लोरीनेशन व्यवस्था, बैक्टीरियोलॉजिकल परीक्षण, जल सैंपलो की नियमित जांच तथा उनकी रिपोर्ट के संबंध में अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बरसात के मौसम में जल जनित बीमारियों की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे में यदि कहीं भी पेयजल के दूषित होने, क्लोरीन की कमी अथवा अन्य कोई कमी की सूचना मिले तो उसका तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाए। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। यादव ने कहा कि स्वच्छ जल ही स्वस्थ जीवन का आधार है। प्रत्येक घर तक सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल पहुंचाना सभी संबंधित विभागों की सामूहिक जिम्मेदारी है, ताकि नागरिकों को निर्बाध रूप से स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता रहे। इस दौरान जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के पब्लिक हेल्थ शिकायत निवारण केंद्र पोर्टल पर 88 प्रतिशत जनता की संतुष्टि के साथ अंबाला के पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर अधिकारियों के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि टीम वर्क का परिणाम है और सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए इस स्तर को और बेहतर बनाने का प्रयास करें। इस मौके पर जिला प्रधान ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की कौताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



अंबाला। पेयजल की व्यवस्थाओं की समीक्षा करते प्रधान सचिव पंकज यादव।

### पेयजल की गुणवत्ता को वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाने के अधिकारियों को दिए निर्देश

प्रधान सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पेयजल की गुणवत्ता को वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाए रखने के लिए आवश्यक सभी कदम उठाए जाएं। यदि किसी स्थान पर क्लोरीनेशन उपकरण, मशीनरी अथवा अन्य संसाधनों की आवश्यकता हो तो उसकी विस्तृत रिपोर्ट मुख्यालय को तत्काल भेजी जाए ताकि समय रहते आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जा सकें। उन्होंने सीवरेज व्यवस्था, जल निकासी, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) तथा अन्य आधारभूत व्यवस्थाओं की भी समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि पेयजल के सैंपलों की जांच नियमित एवं व्यापक रूप से की जाए, जिससे आमजन को हर समय स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर एसडीएम दर्शन कुमार, चीफ इंजीनियर दिनेश सैनी व राजीव बातिश, एससी पब्लिक हेल्थ विकास बालियान, सीएमओ रेणू बेरी, कार्यकारी अभियंता हरभजन सिंह, कार्यकारी अभियंता कर्णवीर सिंह, कार्यकारी अभियंता अनिल चौहान, एसडीओ हरमिलाप सिंह, एसडीओ बलिंदर भी मौजूद रहें।

## खंड स्तरीय समारोह में मंडोर विद्यालय रहा तृतीय



अंबाला। शानदार उपलब्धि हासिल करने वाली छात्राएं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

प्रतिभा को मंच देने और विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने के उद्देश्य से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बबियाल में अंबाला-II खंड स्तरीय फेस्टिवल का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। फेस्टिवल तीन चरणों में आयोजित किया जाता है। पहले चरण में विद्यालय स्तर पर प्रतियोगिताएं होती है दूसरे चरण में खंड स्तर पर चयनित टीमें भाग लेती है जबकि खंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अपने विद्यालय और खंड का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलता है।

अंबाला-II खंड स्तरीय फेस्टिवल में राजकीय उच्च विद्यालय मंडोर के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से विद्यालय में खुशी का माहौल है। सीमित संसाधनों के बावजूद विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत, अनुशासन और लगन से यह उपलब्धि हासिल कर यह साबित किया कि सफलता केवल सुविधाओं से नहीं बल्कि दृढ़ संकल्प और निरंतर अभ्यास से मिलती है। इस अवसर पर सीआरसी हेड नीलम पघानी ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि हार जीत से अधिक महत्वपूर्ण निरंतर सीखना और आगे बढ़ते रहना है। उन्होंने बच्चों से कहा कि वे इसी उत्साह और समर्पण के साथ मेहनत जारी रखें। आज का अनुभव उन्हें भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगा तथा निश्चित रूप से वे आने वाले आयोजनों में और बड़ी उपलब्धियां हासिल करेंगे। विद्यालय के इंचार्ज जसविंद्र सिंह तथा सभी स्टाफ सदस्यों ने भी विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

# 100 बेड़ का रोटरी अस्पताल बना वरदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

रोटरी क्लब अंबाला के संयुक्त स्थापना समारोह को लेकर अंबाला छावनी स्थित आर्य कालेज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने शिरकत की। राज्यपाल का यहां पहुंचने पर एसडीएम दर्शन कुमार व रोटरी क्लब एवं इनर व्हील क्लब के पदाधिकारियों ने पुष्प गुच्छ देकर हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत किया। राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने दीपशिखा प्रज्वलित कर विधिवत रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में डिस्ट्रिक गर्वनर डॉ. रीटा कालड़ा मौजूद रही। राज्यपाल ने डिस्ट्रिक गर्वनर के रूप में नियुक्त किए जाने पर डॉ. रीटा कालड़ा व रोटरी क्लब अंबाला के नव नियुक्त अध्यक्ष विवेक मल्होत्रा तथा इनर व्हील क्लब अंबाला के नव नियुक्त अध्यक्ष रमन गुलाटी व उनकी पूरी टीम को पदभार संभालने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने इन संस्थाओं के वार्षिक कार्यों की रूपरेखा पर कहा कि इन संस्थाओं द्वारा जो भी सेवा के कार्य किए जा रहे हैं वह बहुत ही सराहनीय हैं। उन्होंने राष्ट्र की उन्नति में किए जा रहे कार्यों को लेकर शुभकामनाएं भी दी। उन्होंने एडी गांधी व उनकी टीम का उनके कार्यकाल के दौरान किए गए कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि उनके आग्रह पर मैं अपनी धर्मपत्नी दर्शना देवी एवं पूरे परिवार सहित इस गरिमामयी समारोह में शामिल हुआ हूं।




अंबाला। कार्यक्रम को संबोधित करते आचार्य देवव्रत। फोटो : हरिभूमि

### रोटरी क्लब बड़ा सेवा केंद्र

उन्होंने कहा कि यह क्लब समाज व राष्ट्र सेवा में निरंतर कार्य कर रहा है। हमारे बड़े-बुजुर्गों ने सेवा का भाव रखते हुए इस क्लब की स्थापना करने का जो अभियान चलाया था, आप सब ने परिवार की तरह मिलकर उसको गतिमान किया है। रोटरी क्लब द्वारा जो अस्पताल संचालित होता है वो अपने आप में बहुत बड़ी सेवा का केंद्र है। रोटरी का ब्लड बैंक पीजीआई स्तर के उच्च लेवल का है। 100 बैड का अस्पताल आम लोगों के ईलाज के लिए वरदान साबित हो रहा है।

# कारगिल विजय दिवस पर छात्रों ने गीतों व कविताओं से शहीदों को दी श्रद्धांजलि

- डीएवी स्कूल में इनर व्हील क्लब के सौजन्य से हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में कारगिल विजय दिवस पर स्कूल परिसर में देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु इनर व्हील क्लब के सौजन्य से कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में देश भक्ति और भारतीय सैनिकों के प्रति सम्मान की भावना को जागृत करना था। इनर व्हील क्लब की प्रेसिडेंट रमन गुलाटी और नीलकमल खेड़ा कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रही। उन्होंने कारगिल युद्ध से संबंधित विद्यार्थियों से अनेकों प्रश्न पूछे और बच्चों ने उत्साहपूर्वक उनके प्रश्नों के उत्तर दिए। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, कविताओं और भाषणों के माध्यम से कारगिल युद्ध के वीर जवानों को याद किया। प्रधानाचार्य डॉ. विकास कोहली ने कहा कि कारगिल विजय दिवस भारतीय इतिहास का वह गौरवशाली दिन है। इस दिन भारतीय सेना ने कारगिल की दुर्गम चोटियों से पाकिस्तानी घुसपैठियों को खदेड़कर तिरंगा फहराया और अदम्य साहस का परिचय दिया था। हर वर्ष 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है।



अंबाला। शहीदों को श्रद्धांजलि देने के बाद एकजुट छात्र व शिक्षक।




## ईशा ग्रामोत्सव में 25-26 को होंगे क्लस्टर स्तरीय मुकाबले

अंबाला। भारत का सबसे बड़ा ग्रामीण खेल महोत्सव ईशा ग्रामोत्सव इस वर्ष पहली बार हरियाणा में आयोजित किया जा रहा है। सद्गुरु–योगी, आध्यात्मिक गुरु एवं ईशा फाउंडेशन के संस्थापक–की परिकल्पना से शुरू हुआ यह आयोजन केवल खेल प्रतियोगिता नहीं है, बल्कि गांवों को एकजुट करने, ग्रामीण युवाओं और महिलाओं को अपनी खेल प्रतिभा दिखाने का अवसर देने और समुदायों को सशक्त बनाने का एक प्रयास है। गुरुवार को चंडीगढ़ में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए ईशा ब्रह्मचारी एवं ईशा ग्रामोत्सव के राष्ट्रीय समन्वयक स्वामी पुलक ने कहा, ₹जिन राज्यों में पिछले कई वर्षों से ईशा ग्रामोत्सव आयोजित हो रहा है, वहां हमने खेल के मैदान से कहीं आगे तक सकारात्मक बदलाव देखे हैं। टूर्नामेंट का आयोजन तीन चरणों में होगा—क्लस्टर स्तर, डिविजनल राउंड, और ग्रैंड फिनाले।
हरियाणा में 25–26 जुलाई को पानीपत, करनाल और अंबाला में क्लस्टर मुकाबले होंगे। इसके बाद1–2 अगस्तको हिसार और कुरुक्षेत्र में क्लस्टर मैच आयोजित किए जाएंगे।

## भावी शिक्षकों को समावेशी शिक्षा पर किया प्रोत्साहित

**बराडा।** लॉर्ड कृष्णा कॉलेज ऑफ एजुकेशन अधोया में विशिष्ट अधिगम अक्षमताओं के प्रति जागरूकता को बढ़ाने और समावेशी शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित एक सप्ताहीय क्षेत्रीय कार्यशाला का शुक्रवार को सफल समापन हो गया। इस कार्यशाला का विषय सीमाओं से परे सीखना (5डीज) को समझना रहा, जिसमें भावी शिक्षकों को डिस्लेक्सिया, डिस्ग्राफिया, डिस्केल्कुलिया, डिस्प्रेक्सिया एवं विकासात्मक अफेज़िया जैसी अधिगम संबंधी चुनौतियों की पहचान और उनके समाधान के बारे में व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला का शुभारंभ विद्यालय शिक्षा विभाग के सहायक परियोजना समन्वयक डॉ. धर्मवीर ने किया। उन्होंने 5 डीज की पहचान, लक्षण, प्रारंभिक हस्तक्षेप और समावेशी शिक्षण पद्धतियों परजानकारी दी। इस दौरान आस्था कॉलेज ऑफ एजुकेशन की विभागाध्यक्ष कोमल, आईटीईपी, शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, कुवि के सहायक प्राध्यापक डॉ. दिग्विजय सिंह तथा लाल चंद मल कॉलेज ऑफ एजुकेशन झांसा की सहायक प्राध्यापिका डॉ. सुरुचि ने भी शिक्षक-प्रशिक्षुओं को समावेशी शिक्षा के महत्व से अवगत कराया।






## भारतीय ऋतुओं के रंगों से सराबोर हुआ आधारशिला

**जींद।** आधारशिला पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय माता-पिता दिवस के अवसर पर भारतीय संस्कृति की विविधता और विद्यार्थियों की सृजनात्मक प्रतिभा का अनुपम संगम ऋतुरंग थीम पर आयोजित कक्षा उत्सव का भव्य एवं सांस्कृतिक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में यूकेजी एवं पहली कक्षा के सभी छात्रों व अभिभावकों सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि की भूमिका में जीएमएसएसएसएस प्रधानाचार्य संजीव सैनी एवं नीलम सैनी शिरकत की। इसमें छोटे-छोटे बच्चों ने नृत्य, नाटक, भाषण के माध्यम से अपनी प्रस्तुति दी। जिससे वहां उपस्थित सभी दर्शक भाव विभोर हो गए। जुलाई व अगस्त में आने वाले भारतीय त्यौहारों के उत्सव के रूप में यह कार्यक्रम मनाया। मुख्य रूप से बच्चों ने गुरुपूर्णिमा, कारगिल दिवस, मित्रता दिवस, माता-पिता दिवस पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मुख्य अतिथि संजीव सैनी ने अपने सम्बोधन में कहा कि ऐसे कार्यक्रम हमारी विरासत और संस्कृति का आधार हैं।



## अंडर 14 राज्य स्तरीय खो खो टूर्नामेंट में छाया मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 8 बी

**अंबाला।** गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सैक्टर 8 बी ने इंटर स्कूल स्टेट खो खो (14 वर्ष वर्ग) टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए लड़कियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और लड़कों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता चण्डीगढ़ शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित की गई थी। स्कूल की प्रिंसिपल सुश्री वंदना छाबड़ा दीवान ने बच्चों को जीत की बधाई और शुभकामनाएं दी। और बच्चों को खेलों के साथ साथ पढ़ाई में भी बेहतरीन सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

## छात्रों ने किया छाया व फलदार पौधों का रोपण

**नारायणगढ़।** एक पेड़ मां के नाम मुहिम के तहत शुक्रवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डेरा(63) में विद्यालय में छायादार तथा फलदार पौधों का रोपण किया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों को पौधों का वितरण किया गया। इससे पहले प्रार्थना सभा में विद्यालय की प्रधानाचार्या रीटा बंसल ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को वृक्षों का महत्व बताते हुए कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है तथा सभी विद्यार्थियों का कर्तव्य बनता है कि वे अपने जीवन में अनेक पौधे लगायें तथा उनका पालन पोषण करें। बाद में विद्यार्थियों को सरकारी नर्सरी से लाए गए आंवला, जामुन, अमरूद, अर्जुन, बकैन, गुडहल, नीम तथा अन्य प्रकार के पौधे बांटे गए। इस सारे कार्य में विद्यालय के सभी शिक्षक सक्रिय रूप से भागीदार बने।



**हरिभूमि**

**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## हेरोइन तस्करी मामले में चौथा आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** सीआईए-2 ने 708 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) तस्करी के हाई-प्रोफाइल मामले में संलिप्त चौथे आरोपी ज्ञान सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर 4 दिन के रिमांड पर लिया गया है। आरोपी की पहचान ज्ञान सिंह, निवासी डेहा कॉलोनी के रूप में हुई है। आरोपी ज्ञान सिंह एक शातिर एवं आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ अंबाला के विभिन्न पुलिस थानों में चोरी, एनडीपीएस एक्ट और अन्य संगीन धाराओं के तहत पहले से ही लगभग 32 आपराधिक मामले दर्ज हैं। 25 मार्च 2026 को पुलिस टीम ने दशमेश नगर, जड़ौत रोड स्थित एक मकान पर छापेमारी की थी। यहां से 708 ग्राम हेरोइन बरामद कर एक महिला आरोपी को मौके से गिरफ्तार किया गया था।

### लोक नृत्य व स्किट प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों ने मोहा मन

# सांस्कृतिक उत्सव में छाईं छात्राएं, प्रतिभा का मनवाया लोहा

पीएम श्री विद्यालय, बलदेव नगर में हुए कार्यक्रम में पूरे ब्लॉक से 364 छात्रों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

प्रतिभा, संस्कृति और उत्साह का अद्भुत संगम उस समय देखने को मिला जब पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बलदेव नगर में सांस्कृतिक उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। पूरे ब्लॉक से आए लगभग 364 विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने लोकनृत्य, स्किट तथा अन्य सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुतियां दीं। उनकी मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथियों एवं दर्शकों की भरपूर सराहना प्राप्त की। इस अवसर पर जिला सांस्कृतिक समन्वयक अमी सिंह, प्रधानाचार्य अंजना बजाज तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बलाना की प्रधानाचार्या कंवलजीत कौर विशेष रूप से उपस्थित रहीं। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए सांस्कृतिक गतिविधियों को व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास एवं भारतीय सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण का प्रभावी माध्यम बताया।



अंबाला। मंच पर प्रस्तुति देती छात्रा।

### ये रहे प्रतियोगिता के परिणाम

स्किट ग्रुप मे जीएसएसएस बकनौर, जीएमएसएसएस पुलिस लाईन ने प्रथम, जीएसएसएस छपरा एवं जीएसएसएस चौडमस्तपुर ने द्वितीय एवं पीएम श्री जीएसएसएस स्कूल बलदेव नगर तथा जीएसएसएस जलबेड़ा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रागिनी मे जीएसएसएस पुलिस लाईन, जीएसएसएस जलबेडा ने प्रथम, जीएसएसएस कलेरां, जीएचएस खैरा ने द्वितीय तथा जीएसएसएस बकनौर एवं जीएमएसएसएस जनसुई ने तृतीय स्थान हासिल किया। फॉक डांस सोलो में जीएसएसएस कलेरां, जीएसएसएस चौड़मतस्तपुर ने प्रथम, जीएमएसएसएस मोहडी, भानोखेडी, जीएसएसएस बलाना ने द्वितीया तथा जीएसएसएस सौंटा व जीएमएसएसएस मोहडी भानोखेडी ने तृतीय स्थान हासिल किया।